I would like to know from the honourable Minister how far we have been able to achieve this goal since our independence. It it not true that because of malnutrition and undernourishment India is producing more citizens affected mentally and physically? Here is a report of Dr. C. Gopalan, former Director of Indian council of Medical Research. In January 1986 the Thirtyeighth Conference of the Psychiatrists' Society at Jaipur has noted that 7.5 million persons are affected by serious mental disorders, 22 million persons suffer from some type of mental retardation and 30 million persons are affected by minor mental disorders. Even the Psychiatric Institute attached to the Madurai Medical College revealed that out of 42 million persons aged above 60, 3.65 million are victims of one or the other mental disorder. From Andhra Pradesh one Prof. A. V. Rao of the same Institute submitted a report that depression sets in after retirement with the loss of income, loss of self-esteem and forced leisure which make elderly people feel insecure and destitute. According to the report of the United nations on the International Year of Disabled Persons 1981 malnutrition in early childhood always is linked to poverty and it is almost the sigle largest cause of mental disability. Therefore,

Madam, poverty is the main cause of every disease including mental disourders and the mentally ill in India are generally suicide-prone. I gave one example just now and I will give you another: Within a particular period, 700 cases of suicidal deaths have been there in Delhi. The Federation For The Care Of The Mentally Retarded has made a survey in 1985 and it has found that 150 schools and institutions are covered by all categories of retardation and most of these are in big cities. Therefore, I want to know from the Minister what effective remedies have been sought for the alcoholic and drug addicts who are the worst mental sufferers today.

Madam, the existing facilities are by no means models of efficiency. The mortalty rate in one hospital, that is, the Government Mental Asylum in Ranchi and in the Manasik Arogyashala at Kanker rose from 7 per cent in 1979 to 20 per cent in the first eight months of 1984. While 106 patients had died in 1979, 154 deaths were recorded in 1984 and the institutions' records indicate that the majority of sufferers suffered a slow death from anaemia and general debility caused by prolonged malnutrition. Therefore, Madam, my submission is that our health system is a defective one. During the pre-Independence days, one of the worst things that the colonial rule did to India was to impose on its people a health system which was largely not concerned with and totally irrelevant to their needs. Therefore, with great regret I would like to say that we have been perpetuating the same old features of this system in new forms even after gaining our independence.

[The Vice-Chairman Shri G. Swamimathan in the Chair.]

The Britishers were concerned with the health problems of the Indian masses only to the extent to which they constituted a thereat to their rule and to the stability of their government Therefore, I urge upon the honourable Minister to change completely that system which is outdated and adopt a new system for giving the needy patients full nutrition, purchasing capacity, accessibility of medical facilities and clean water all of which have an impact on the state of the nation's health.

Mr. Vice-Chairman, Sir, in India, several millions of child labourers are suffering from mental disorders due to the cumulative effective of hard labour, lock of rest, undernourishment, and atrocius living and working conditions. Therefore, I want to know from the honurable Health Minister whether he is going to take measures to prevent these disorders and diseases in their infant stage rather than curing them at the advanced stage, almost at the time of death.

Therefore, Sir, in conclusion, I would like to say that we have been paying too much attention to and spending too much money on the non-existing child in the womb of the mother by giving top priority to the family planning or family welfare programme. But we must also equally or more than equally pay attention to the already born baby before the baby suffers from any disease or mental disorder. Therefore, I would like to request the honourable Minister of Health to eradicate the worst disease of poverty which causes mental disorders and which causes a mentally sick society.

With these words, Sir, I support the Bill. Thank you, Sir.

श्री राम चन्द्र विकल (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मानसिक स्वास्थ्य विधेयक जो संयुक्त प्रवर समिति से लौटा है उस पर सभी माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं। मैं इसका हृदय से समर्थन करता हूं।

साथ ही मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं, जहां एलोपैथी होम्तोपैथ और आयुर्वेद जैसी पद्धतियां हैं वहां नेचुरोपथी और योग से बहुत मानसिक मरीज ठीक हो रहे हैं।

[श्री रामचन्द्र विकल]

पहले तो यह समझना होगा कि मानसिक विकार के मुख्य कारण क्या हैं। एक तो पैतृक होते हैं, मां-बाप से आता है, सम्पर्क से भी हो जाता है। दूसरे जो नशीली चीजें इस्तेमाल करते हैं भांग, धतूरा, शराब इन सबका भी असर हो जाता है। निराश जीवन में भी बुद्धि में विकार आ जाता है। ये चार-पांच मोटे कारण हैं। बीमारी के इलाज से पहले सोचना होगा कि मुख्य कारण क्या हैं। उसके बाद इलाज आसानी से हो जाता है। कुछ बीमारियों में गलत दवाएं इस्तेमाल करने से भी दिमाग पर असर हो जाता है। प्रायः देखा गया है कि टायफाइड और दूसरी बीमारियों में सही इलाज न होने से भी यह रोग हो जाता है। जो कारण मैं बता रहा हूं उनको पहले समझना होगा और उनको दूर करने के उपाय सोचने होंगे।

पहले तो मनोवैज्ञानिक ढंग से इलाज होना चाहिए। इससे बहुत जल्दी मरीज को फायदा होता है। मरीज का अध्ययन करने से सही मनोवैज्ञानिक इलाज हो सकता है। नाक से घी, बादाम रोगन और दूध पिलाने से भी मानसिक बीमारियां ठीक होती हैं। ऐसे भयंकर रोगी जो निराश हो चुके थे उनको लाभ हुआ है। धमनियों में खून का सही संचार न होने से मानसिक बीमारियां पैदा हो जाती हैं। धमनियों में खून का संचार ठीक करने की अनेक विधियां हैं। सबसे पहली विधि यह है कि शुद्ध वायु में प्राणायाम करने से धमनियों में शुद्ध वायु का संचार होता है। आज बड़प्पन की निशानी यह हो गई है कि बड़े बड़े तकिया लगाओ, डनलप पर सोओ। ऐसी मान्यताओं का भी असर हो रहा है। लोग इस बड़प्पन के शिकार होकर हार्ट जैसी बड़ी बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। खून का सही संचार ज्यादा पानी पीने से भी होता है। ब्लड-प्रैशर हाई हो या लो—दोनों में यह लाभकारी है। मानसिक बीमारियों को ठीक करने के साथ खून का सही संचार सारे शरीर को ठीक रखता है। मन और शरीर एक दूसरे के पूरक हैं, शरीर स्वस्थ होगा तो मन ठीक रहेगा। गैस्टिक बीमारी को डाक्टर लोग गोली देकर बन्द करना चाहते हैं। डाक्टरों से मेरी बात होती रहती है, मैं उनसे कहता हूं कि गैस बन्द करने की गोली देना डाक्टरी नहीं होती। गैस स्वाभाविक क्रिया है, इसको दवाई से रोका नहीं जा सकता गैस का शमन 4.00 P.M. कैसे हो। यह हमारा एक बज्रासन है। उस को भोजन के बाद करें तो हार्ट अटैक, पैरालिसिस से कोई पीड़ित हो नहीं सकता। गैस भी ठीक हो जायगी। और इसमें उम्र का कोई बंधन नहीं है। आज लाखों करोड़ों लोग वज्रासन कर रहे हैं और वे सब गैस की बीमारी से मुक्त हो गये हैं।

कुमारी सरोज खापर्डे : अगर आप मेंटल हेल्थ बिल पर बोलें कुछ तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

श्री राम चन्द्र विकल : मैं मेंटल हेल्थ पर ही बोल रहा हूं। मैं यह कह रहा था कि मेरे पास सैकड़ों सबूत हैं इसके। एक लड़की आयी कृष्णा यादव, वह करोल बाग की है। सप्ताहिक हिन्दुस्तान ने मेरे 55 प्वाइंट्स को निकाल दिया, प्रकाशित कर दिया। उनको उस ने पढ़ा और उसकी चिट्ठी मेरे पास मौजूद है। उसने साफ लिखा है कि मेरा शरीर गोरा था और वह सारे का सारा काला पड़ गया था। इतना डिप्रेशन हो गया था कि आत्म-हत्या का विचार पक्का हो गया था। लेकिन आज वह लड़की करोल बाग में आसन करती है और दूसरों को आसन कराती है और उसका हार्ट, ब्रेन सारा सिस्टम ठीक हो गया है। तो इस का संबंध इस विधेयक से है। और मैं चाहता हूं कि इस प्रकार की नेचुरोपैथी को आप अपनायें। जो कुछ चल रहा है वह चलता रहे लेकिन नेचुरोपैथी लोगों को जल्दी लाभान्वित करती है इसको भी आप ध्यान में रखें। धमनियों में खून का सर्कुलेशन ब्रेन के लिये जरूरी है। ब्लड प्रेशर किस को होता है। उनको

ज्यादा होता है । कि जो सोचते कुछ हैं, कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं । उनको जरूर ब्लड प्रेशर हो जायेगा । हमारे पास ब्लड प्रेशर का इलाज है । टेंशन धनी लोगों को ही ज्यादा होता है । उसका आसान सा इलाज है । पांच मिनट के लिये बाल आसन में लेट जाओ, पांच मिनट में हः सारा टेंशन दूर हो जायगा । मैं बता रहा था कि धमनियों में खून का सही संचार होने से ही ब्रेन ठीक रहता है । पानी ज्यादा पीना और बिना तकिये के तख्त पर सोना यह बहुत जरूरी है । दिल से हंसना और ज्यादा देर तक हंसना जरूरी है । हंसने के लिये घर का एक कोना भी काफी है । दिन में कम से कम एक बार हंसना बहुत जरूरी है । इससे आप का ब्लड सर्कुलेशन ठीक हो जायेगा । दिल से गाना गाना और यह आदमी के मन पर है कि वह कब गाना गाये । 12 बजे का टाइम रख दिया जाय तो सब का इलाज हो जायेगा मैं पेशेवर गाने वालों की बात नहीं कर रहा हूं । इस से उन को लाभ नहीं होगा, लेकिन जो दिल से गाना गाते हैं उनका ब्लड संर्कुलेशन ठीक हो जाता है । आप बाथ रूम में भी गाना गा सकते हैं । इसी तरह से विचारों को साफ-साफ बोलना । इस से टेंशन नहीं होता, ब्रेन टेंशन नहीं होता । जो अपने विचारों को दबाते हैं उनको अक्सर टेंशन रहता है ।

मानव संसाधन विकास मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) : कुछ लोग ऐसे हैं कि जिन को किसी ने हंसते देखा ही नहीं ।

श्री राम चन्द्र विकल : उनको आप के पास भेज दिया जायेगा । नहीं हंसते होंगे तो आप हंसा देंगे । मैं ज्यादा बोलना नहीं चाहता, लेकिन मैं बता रहा था कि यह छोटी-छोटी बातें हैं जो मैं आपको बताता हूं । विचारों का साफ साफ बोलना, घोड़े पर सवारी करना और कैसा भी मेंटल डिजीज हो अगर आप घोड़े पर सवारी करें तो आप का तलवे से ले लेकर ब्रेन तक की सब बीमारियों का इलाज हो जायगा । घोड़ा न हो तो किराये पर ले लो और घोड़ा फिर भी न मिले तो खूंटी वाली खड़ाऊं पर चला दो मरीज को । मैं यह ब्रेन का इलाज बता रहा हूं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI G. SWAMINATHAN): I would request the hon. Member to go into the Bill more than the treatment of the mental patients because there are some more Members who want to speak.

श्री राम चन्द्र विकल : किसी को घोड़ा नसीब न हो तो खूंटी वाली खड़ाऊं पर चलने से वह ठीक हो जायेग यह ऐसी चीजें हैं जिनका संबंध है नेचुरोपैथी से । (**व्यवधान**) हर गांव में इलाज न हो तो जिला लेविल पर, वहां के अस्पतालों में आप नेचुरोपैथी से इलाज करा सकते हैं । जो इसमें इंटरेस्टेड हों उनकी देखरेख में इस तरह का इलाज हो सकता है । गांव वाइज संभव न हो तो डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर पर इसकी व्यवस्था आप कराइये तो मैं समझता हूं कि यह एक अच्छा विधेयक है, उपयोगी है । मगर इस का जो प्रैक्टिकल फायदा है वह तभी हो सकेगा जब और पैथीज के साथ आप वहां नेचुरोपैथी और योग से भी वहां इलाज कराने की व्यवस्था करायें ।

PROF. (MRS.) ASIMA CHATTERJEE (Nominated): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me an opportunity to speak on the Mental Health Bill.

Sir, due to heavy stress and strain in life which is the outcome of modern civilization, due to poverty and uncertainty in security in life, and due to the unbearable torture that our womenfolk are facing the cases of mental ill health are increasing in large number. This is not only a problem in India but this is also a global problem which has led to the large scale production of tranquillizers. In this context, the Mental Health Bill was introduced yesterday in this august House for favourable consideration. I welcome this Bill. But there are

[Prof. (Mrs.) Asima Chatterjee]

some points which need clarification and I would also like to make a few suggestions for the consideration of the hon. Health Minister.

Sir, the Mental Health Bill was introduced in the Rajya Sabha on 14th December, 1981. The Bill was subsequently referred to a Joint Committee of Houses of Parliament for consolidating and amending the law relating to the treatment and care of mental patients and also their protection and security and also to rectify some lacunae existing therein. Now the provisions of the existing statute need revision in view of the rapid advancement in medical science and in view of the modern concept of the nature of mental illness which malady is spreading rapidly all over the country.

Sir, the Bill has made provision for regulating admission of mental patients to psychiatric hospitals or psychiatric nursing homes. But these hospitals should be well equipped with sophisticated instruments like Electro-encephalograph machine (EEG machine) and intelligence test instruments etc. in order to identify the nature of mental illness as this will be useful for the doctor to take up appropriate medical step. Sir, it has been mentioned in the Bill that precautionary measures and suitable steps are to be taken to give proper treatment and relief to mental patients. However, I would like to suggest that surprise visits should be arranged in mental hospitals to see whether proper care for the patients is being taken and whether the medical staff are indeed sympathetic to them as this is essential for giving relief to the patients for speedy recovery from mental illness. Sir, I would like to suggest that a Supervising Committee should be constituted for the purpose.

Sir, I am rather concerned about the treatment of mental patients as this would vary with different types of mental illness which we may designate as mental aberration. Insanity is not the only case of mental ill health. Mental illness may be of different types and may be categorised as schizophrenia, epilepsy, parkinsonism, cerebral palsy and various other behavioural disorders which may be idiopathic or non-idiopathic. In cases of schizophrenia, the patients may suffer from melancholia and acute depression. And they may also be violent and in some cases they can murder the patients in the hospital. Hence different categories of psychiatric hospitals or psychiatric nursing homes would be required depending upon the nature of the mental illness of the patients as psychotherapy would not be the same for different types of mental ill health. For treatment of mental ill health, traditional medicine should be prescribed just like Jatamansi, Sushumni, Brahmi and Sarpagandha, etc. which are being used by our Unani system and Ayurvedic system. In cases of behavioural disorders it may so happen that the entire central nervous system (CNS) might be affected. In such cases, the approaches for treatment of these mental patients will be different from those suffering from parkinsonism and schizophrenia which is generally designated as insanity. The mental patients in general are unsocial, do not co-operate and withdraw themselves from the environment and from the society. They need special treatment and medical care. They must be treated sympathetically. What steps does the Goverment propose to undertake to tackle such patients? If they receive proper medical care and sympathy many of them could be cured and would be the real assets of the society.

Sir, the role of well-trained psychiatrist is important for tackling the situation and for studying the psychology of the patients which will help the doctor to adopt the right procedure for medical treatment.

Sir, in section 44 on page 21 of the Bill it has been mentioned that the medical officer in charge shall forthwith on the production of a copy of a certificate, that the patient has recovered and will take care of himself and manage his affairs certified by the District Court, discharge such person from psychiatric hospital or psychiatric nursing home. Sir, this will not be a correct procedure and this is not fair. I am giving the reasons. From personal experience I can say as I was associated with mental hospitals and hospitals for crippled children that in the cases of epilepsy, schizophrenia and other mental disorders the patients appear to be fit phpsically and mentally after medical treatment. It has happened in many cases that when such patients after recovery were discharged from the hospitals and went back home, the malady was found to recur. The causative factor may be the environment which has a profound influence on their minds. The environment may provoke to precipitate the illness. What should be done in such cases? Sir, there is no mention about that in this Bill. I would like to suggest that such cases should be followed up and the facilities are to be provided for mental rehabilitation. This may necessitate the change in environment, arrangement for vocational training and non-formal education depending upon the likings of the patients concerned. The role of psychiatrists, psychoanalysts, physiologists, neurophysicians and social workers is extremely important in such cases as they will have to ascertain what are the likings of the patients and what they actually want to do for their mental satisfaction.

Sir, mental homes and rehabilitation centres are to be organised where healthy atmosphere for the patients should be maintained. The administration of many such homes is not only unsatisfactory but the patients are also tortured and are in great troubles. We must know that any exogeneous or endogeneous factor might precipitate mental illness, as mental patients have low threshold. Hence they get excited readily by such factors. Therefore mental rehabilitation is a must after the patients apparently recover after the medical treatment in hospitals.

Sir, for poor people the Government should provide adequate funds for medical treatment. Some mental diseases are genetic in character which are practically incurable. Even the serious consequences of such diseases can be avoided in many cases if proper steps are taken just after the child's birth. If the blood and urine of the children examined are just after the birth and there be an excess of phenylpyruvic acid in urine and blood, the food of the children should be made free from phenylalarine and tyresine by chemical process and chromatography technique and such procedure should be continued till the child attains 10—12 years of age. Then the disaster arising out of mental illness may be avoided. There are very few hospitals. Considering the large number of psychiatric patients in the country, I would request the hon. Health Minister to see that more and more mental hospitals, more and more psychiatric hospitals, and more and more nursing homes are established. I also feel personally that the term 'lunatic asylum' should be changed and replaced by the words psychiatric hospital' because the words lunatic asylum have a very bad effect on the minds of the patients, I also suggest the establishment of such hospitals for mentally crippled children. I do not mean the children of the age group of 4 or 5 years. It means the children from the age group of 4 to 6 years.

With these words I welcome this Bill which is really laudable and I support it wholeheartedly. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI G. SWAMINATHAN): Last speaker is Mr. Suraj Prasad.

श्री सूरज प्रसाद (बिहार) : महोदय, मैं इस मानसिक स्वास्थ्य बिल का स्वागत करता हूं पहले जो एक्ट था, सन् 1912 का था, उससे इसमें काफी प्रगति लाई गई है, व्यापकता लाई गई है। सन् 1912 का जो लूनेसी एक्ट था उसमें सुधार करने और उसमें प्रगति करने के बारे में देश में आवाज उठ रही थी। यह खुशी की बात है कि सरकार ने इस पर ध्यान दिया और इस बिल के अन्दर काफी अच्छी बातें प्रवेश कराने की कोशिश की गई है। पहले के एक्ट की तुलना में इस बिल के अन्दर रोगियों के उपचार के बारे में भी व्यवस्था की गई है जो एक सराहनीय कदम है। देश के अन्दर 12 मिलियन मानसिक रोग के रोगी हैं। हमारे देश में 36 अस्पताल हैं जिनमें दिमाग के रोगियों का इलाज होता है। लेकिन देखने में यह मिलता है कि ये अस्पताल राज्यों में समान ढंग की स्थिति में नहीं हैं। असमान ढंग से राज्यों में हैं। नागालैंड, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा में ऐसे कोई अस्पताल नहीं हैं जहां पर मानसिक रोग से ग्रस्त रोगी का इलाज किया जा सके। इन अस्पतालों के संबंध में हमें जो व्यक्तिगत जानकारी है उसके अनुसार रोगियों के इलाज के लिए वहां पर समुचित व्यवस्था नहीं है। मेंटल अस्पतालों में जो सुपरिंटेंडेन्ट्स हैं उनमें बहुत ही कम क्वालिफाइड डाक्टर हैं। एक अध्ययन के मुताबिक देश के अन्दर आठ लाख बेड्स की आवश्यकता है। लेकिन अभी तक देश में महज 15 हजार बेड्स ही उपलब्ध हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि जब सरकार इस बिल के एक्ट बन जाने के बाद इसको लागू करने लगे तो देश के अन्दर अस्पतालों की संख्या बढ़ाने की तरफ भी ध्यान दिया जाये। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि ऐसे अस्पतालों में जो कोष हैं उनमें भी धन का नितान्त अभाव रहता है। इसलिए इन अस्पतालों के कोषों की रकम भी बढ़ाई जानी चाहिए। इन अस्पतालों में अच्छे डाक्टर रखे जायें ताकि रोगियों का ठीक ढंग से इलाज किया जा सके। रांची में एक मेंटल अस्पताल है। उसके बारे में सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्णय दिया है कि वहां पर रोगियों को ठीक से नहीं रखा जाता है। उनके साथ ठीक व्यवहार नहीं किया जाता है। उनके लिये दवा की भी व्यवस्था नहीं है, काफी गड़बड़ी हैं। मैं सरकार से चाहूंगा कि सुप्रीम कोर्ट की इस रूलिंग के बाद वह उस अस्पताल पर ध्यान दे। एक बात और मैं इसमें कहना चाहूंगा और वह यह है कि अभी जो गरीब लोग हैं, अगर वे पागल हो जाते हैं तो उन्हें अस्पताल में भेजने के बजाय जेल में भेजा जाता है। मैं सरकार से चाहूंगा कि वह इसको दुरुस्त करने की तरफ कदम उठाये।

महोदय, देश के अंदर कुछ दिन पहले एक सेमिनार का आयोजन किया गया था जिसमें दिमाग के रोगों के कारणों के बारे में जानकारी हासिल करने के बारे में विचार किया गया। सेमिनार में एक अध्ययन के बाद यह बात पाई गई कि देश के अंदर जो दिमाग के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है उसका एक प्रधान कारण सामाजिक टेंशन, सामाजिक तनाव है। इस तनाव को दूर करने के बारे में उन लोगों ने कुछ सुझाव दिये थे। उनका कहना यह था कि यह बीमारी सबसे अधिक बूढ़े लोगों के बीच पाई जा रही है। आज जो संयुक्त परिवार टूट रहे हैं तो उन संयुक्त परिवारों के टूटने के कारण गांव के अंदर जो बूढ़े लोग हैं वे उपेक्षित हो रहे हैं। परिवार में जो उनके पुत्र हैं, उनकी पुत्रवधू हैं, वे उनकी ठीक से देखभाल नहीं करते हैं। इसलिये बूढ़ों के अंदर सामाजिक टेंशन अधिक मात्रा में बढ़ रहा है और वे दिमाग के रोगों के शिकार हो रहे हैं। इसलिये इन लोगों ने सुझाव दिया था कि प्रिवेंशन इज बैटर देन क्योर।

इसलिये आज जरूरत इस बात की है कि अस्पताल में ऐसे रोगियों के इलाज के साथ-साथ देश के अंदर बूढ़ों के लिये बूढ़े गृहों की स्थापना की जाय जैसा कि और विकसित देशों में हैं। उन लोगों ने एक और कारण यह भी बताया कि जिस तरह से देश के अंदर अर्बनाइजेशन बढ़ेगा, शहरीकरण होगा वैसे ही दिमागी रोगियों की संख्या में इजाफ़ा होगा । देश में शराबखोरी बढ़ रही है और बच्चों के प्रति जो कैयर होना चाहिए वह भी ठीक ढंग से नहीं हो रहा है । यह भी देश के अंदर सामाजिक तनाव पैदा होने का एक कारण है इसलिये मैं सरकार से चाहूंगा कि वह इस ऐक्ट को लागू करे ही लेकिन साथ ही देश में जो सामाजिक और आर्थिक वातावरण है, जिस वातावरण के कारण इस तरह के रोगी काफी संख्या में बढ़ रहे हैं उस पर अंकुश लगाने का प्रयास करे । गांवों में भी इस तरह की बढ़ती हुई संख्या हम लोग पाते हैं । तो सरकार इस तरफ भी ध्यान दे और इस सामाजिक व्यवस्था में इस तरह का परिवर्तन हो ताकि इस तरह के रोगियों की संख्या में कमी लाई जा सके । महोदय, एक सुझाव और उन लोगों ने दिया था । कुछ राज्यों ने बूढ़े लोगों को पेंशन देने की व्यवस्था की है । खास करके खेतिहर मजदूरों के परिवार के लोगों को, खेत मजदूरों के संयुक्त परिवार टूटने से जो बूढ़े लोग हैं उनके सामने रोजी रोटी की समस्या भी पैदा हो जाती है और इस कारण से भी वे दिमागी बीमारी के शिकार हो जाते हैं । इसलिये उन्होंने एक सुझाव दिया था कि देश के अंदर उन बूढ़े लोगों को पेंशन देने की व्यवस्था करनी चाहिए । इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और यह समझता हूं कि इस बिल के पास होने के बाद जो मानसिक रोगी हैं उनके इलाज की तरफ प्रगति होगी । साथ ही साथ देश में सरकार का जो दिमागी स्वास्थ्य है वह भी इससे ठीक होगा ।

कुमारी सरोज खापर्डे : उपसभाध्यक्ष महोदय, कल से इस सदन में मानसिक स्वास्थ्य विधेयक पर जो चर्चा चल रही है उस चर्चा को सुनने के बाद बार-बार लग रहा था कि इस सदन में चाहे माननीय सदस्य ट्रेजरी बेंचेज़ के हों या विरोधी पक्ष के हों सब ने अपनी-अपनी ओर से बराबर हिस्सा इस चर्चा में लिया है । मैं विशेषकर उन माननीय सदस्यों की आभारी हूं जिन्होंने इस विधेयक पर चर्चा में भाग लिया इसलिए मैं श्री विजय मोहन रेड्डी जी, प्रो० रामचन्द्रा राव जी, श्री स्वामीनाथन जी, वीर भद्र प्रताप सिंह जी, अश्विनी कुमार जी, श्रीमती कृष्णा कौल जी, श्री प्रशान्त जी, श्री डी० जी० पाटिल जी, श्री विकल जी, श्रीमती आसिमा चटर्जी जी एवं श्री सूरज प्रसाद जी की विशेषकर आभारी हूं, श्रीमन् । जैसे मैंने कल विवरण में कहा कि दोनों सदनों की संयुक्त समिति ने इस विधेयक का बड़े ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है और मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक अस्पतालों और संस्थाओं में जा कर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के विचार सुने हैं । आपको याद होगा कि मानसिक स्वास्थ्य विधेयक 1981 में इसी सदन में 14 दिसम्बर को प्रस्तुत हुआ था । लेकिन यह काफी दिनों तक पेंडिंग रहा । यह इसलिए पेंडिंग रहा कि इस दरम्यान लोकसभा का विसर्जन 1978 में हुआ और उसके बाद यह विधेयक फिर से इंट्रोड्यूस 1981 में हुआ और 1981 में इंट्रोड्यूस होने के बाद इसको ज्वाइंट कमेटी को रेफर किया गया और ज्वाइंट कमेटी की सिफारिशों पर आज यह विधेयक यहां पर पेश हुआ है । जैसे मैंने उल्लेख किया मुझे आज यहां उल्लेख करना है इस ज्वाइंट कमेटी के चेयरमैन श्री भुवनेश चतुर्वेदी जी का जो यहां उपस्थित हैं। श्रीमन्, मेरा मन्त्रालय, माननीय सदस्यों ने जो विचार इस विधेयक पर प्रस्तुत किये हैं उनको बहुत अच्छी तरह से समझता है और उसका अध्ययन करेगा और सिर्फ अध्ययन ही नहीं करेगा बल्कि आपके द्वारा सुझाई हुई सारी चीजों पर यथायोग्य कार्यवाही भी करेगा । मुझे यहां कुछ माननीय सदस्यों का उल्लेख करना अत्यंत ज़रूरी लग रहा है जिनका मैं उल्लेख करना चाहूंगी । प्रो० रामाचन्द्रा राव जी यहां उपस्थित नहीं हैं लेकिन उनका ज़िक्र करना आवश्यक है । उन्होंने कहा कि मानसिक रोगों को दूर करने के लिए एक अच्छा वातावरण बनाया जाना

[कुमारी सरोज खापर्डे]

चाहिये और इस विषय पर पूरा अध्ययन करना चाहिये । प्रोफेसर राव ने यह भी कहा कि चन्द्रमा की स्थिति का मानसिक रोगों से कुछ संबंध माना जाता है, इस संबंध का अध्ययन किया जाये । श्रीमन्, इस तथ्य पर मेरे मंत्रालय ने कुछ अध्ययन जरूर किया है और कुछ वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर कुछ सिद्ध भी हुआ है कि चन्द्रमा और मानसिक रोगियों का कोई सीधा संबंध नहीं है फिर भी मेरा मंत्रालय इस ओर पूरा ध्यान देगा ...(**व्यवधान**)

श्री स्वामीनाथन जी ने आज दोपहर में अपने कुछ विचार रखे । उन्होंने कहा कि अस्पतालों की कमी होने की वजह से समझ में नहीं आ रहा है कि इतने बड़े देश में मानसिक रोगों से पीड़ित लोगों की व्यवस्था कैसे की जायेगी । वास्तव में जो आपने यह सवाल उपस्थित किया यह बिल्कुल राष्ट्रीय सवाल उपस्थित किया है लेकिन मैं आपसे कहना चाहूंगी कि अगर इस चीज के बारे में मैं आपको जानकारी देना चाहूं तो यह वह रहेगी कि एट प्रेजेंट हमारे देश में 42 मेंटल हास्पिटल्स हैं और उन 42 मेंटल हास्पिटल्स में करीब-करीब 22 हजार बेड्स का इंतजाम है । यह कहना ठीक नहीं होगा कि हमारे देश में अस्पतालों की और विशेषकर मानसिक रोग चिकित्सा के अस्पतालों की कमी है । इतना ही नहीं आपने यह भी कहा था कि हमारे यहां डाक्टर्स की कमी है । लेकिन डाक्टर्स की भी वैसी कमी नहीं है । एट प्रेजेंट हमारे पास 15 सौ साइक्याट्रिस्ट्स मौजूद हैं । एनुअली करीब करीब 200 डाक्टर्स, साइक्याट्रिस्टों का हम निर्माण करते हैं । आपने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि यह काम प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स को सौंपा जाये । मैं आपसे नम्र निवेदन करना चाहूंगी कि हमारे पास ऐसी व्यवस्था जरूर है । इतना ही नहीं सरकार भी इसको एग्री करती है कि यहां पर प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स बहुत ही इम्पार्टेंट रोल प्ले करते हैं । इस विषय में वहां पर 2 हमारे देश में जो इंस्टीट्यूशन्स हैं एक रांची में है और दूसरा है नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेन्टल हेल्थ एण्ड न्यूरो साइंस । They are already engaged in training peripheral level workers in primary health centres in diagnosis and early detection of mental illness and offering required counselling to the affected people and their relatives. They are also given necessary training for referring acute cases to the referral centres. A large number of health workers are getting trained in those institutions. तो जो आपने यह विचार रखा है उस के बारे में सरकार क्या कर रही है यह मैंने आपको अभी संक्षेप में बतलाया है । स्वामीनाथन जी आपने अपने वक्तव्य में यह भी कहा था कि एलोपैथी में जो इलाज इन मानसिक रोगों के लिए होना चाहिए वह इलाज ठीक ढंग से होने के लिए काफी देर लगती है और इस देरी के कारण आपने यह सुझाया था कि अगर आप इलाज के बारे में आयुर्वेद, सिद्धा, यूनानी दवाइयों का इस्तेमाल करें... । तो शायद मानसिक रोग पीड़ितों के लिए इसका असर इन दवाइयों से जल्दी फायदा करेगा और उनको उससे जल्दी रिलीफ मिल सकेगा ।

मैं आपसे पूरे तरीके से सहमत हूं और इसलिए सहमत हूं कि वास्तविक देखा जाए, तो हमारे देश में ऐसे कई रोग हैं जिनका निदान एलोपैथिक में जितनी शीघ्रता से होना चाहिए, उतनी शीघ्रता से नहीं होता है । लेकिन अगर आप यह देखें कि उसी रोग का निदान आयुर्वेद, सिद्धा और यूनानी के द्वारा अगर आप करें, तो आपको बहुत जल्दी उसके रेजल्ट्स मिलते हैं और जो पीड़ित होता है, उसको भी लगता है कि अभी तक जो मैंने एलोपैथिक का इलाज किया, उससे फायदा नहीं हुआ, बल्कि उसे आयुर्वेदिक, सिद्धा या यूनानी इलाज करने के बाद उसको यह परिणाम मिला है । लेकिन एट दी सेम टाईम इसके माने यह भी नहीं हैं कि मैं एलोपैथिक के खिलाफ हूं । आपने अपने वक्तव्य में इस चीज को कहा था । उसके जवाब में मैंने यह कहा ।

सर, श्री वीर भद्र प्रताप सिंह जी ने भी अपने कुछ विचारों को सदन के सामने रखा जिनका जवाब मैं अपनी ओर से पूरे तरीके से देने की कोशिश करूंगी ।

आपने यह कहा कि हमारे यह मानसिक स्वास्थ्य विधेयक में साइकालोजिकल एस्पेक्ट काफी पैमाने पर मिसिंग हैं। मैं आपसे कहना चाहूंगी कि असल में—the apprehension that the admission procedure would be more difficult than the earlier Act is not correct. Special care has been taken to make the procedure more simple. The 1912 Act had five different types of admission procedure. The present Bill prescribes only two types of admission. मुझे लगता है कि इस जवाब से वीर भद्र प्रताप सिंह जी सहमत होंगे और जो आपने कहा है, वह एस्पैक्ट नहीं है, ऐसी बात इसमें नहीं है।

आपने अपने वक्तव्य में यह भी कहा था कि इस बिल में कहीं पर भी मेंटल इलनेस की डेफिनिशन विदित नहीं की गई है। मैं आपसे कहना चाहूंगी कि इस बिल में जो मैंटल इलनेस की डेफिनिशन दी गई है, वह इन्कलूड करती है—all types of disorders which need psychiatric treatment including psychosis, major illness, nervousness, minor illness and other disorders.

सर, अभी-अभी थोड़ी देर पहले आपने सुना ही होगा कि हमारे माननीय सदस्य, श्री अश्विनी कुमार जी ने कुछ अपने विचार मानसिक स्वास्थ्य बिल के बारे में व्यक्त किये। अश्विनी कुमार जी ने कहा कि मानसिक अस्पतालों में, मानसिक रोग चिकित्सालयों में वातावरण ठीक नहीं है। आपने यह भी कहा कि वहां का जो स्टाफ होता है राइट फ्राम डाक्टर्ज टू चौकीदार और जो काम करने वाले लोग होते हैं वार्डस में, उनके बारे में कहा है कि उनकी वर्दी के रंग जो होते हैं, इस वर्दी के रंगों का भी मानसिक रोग से पीड़ित लोगों पर असर होता है। अश्विनी कुमार जी ने बिल्कुल सही कहा कि कई बार ऐसा होता है कि अनुभव के लिए मैं आपको कहना चाहूंगी जब इंसान डिप्रेसड रहता है, चाहे वह स्त्री हो या पुरुष हो, चाहे वह पोलिटीशियन हो या नान-पोलिटीशियन हो अगर डिप्रैशन में रहे और अपने आपका डिप्रैशन खत्म करने के लिए थोड़े चीयरफुल कपड़ों को अगर परिधान करे तो आप अपने आप महसूस करते हैं कि आप उस डिप्रैशन से बाहर निकल रहे हैं। यह बिल्कुल आपने ठीक फरमाया कि मानसिक रुग्णालय में अगर वहां का वातावरण चाहे वह वहां की वर्दी हो, चाहे वहां का आस-पास का वातावरण हो, अगर वह चीयरफुल नहीं रहेगा तो मानसिक रोग जिस इंसान के काफी पीछे पड़ा हुआ है उस पीड़ित को शायद ही किसी प्रकार का रिलीफ मिलेगा। इसीलिए मैं आपसे सहमत हूं, मेरी सरकार भी सहमत रहेगी कि वहां का वातावरण आपको चीयरफुल बनाने की कोशिश करनी चाहिए और मेरा मंत्रालय इस तरफ ध्यान देगा और कोशिश करेगा कि वहां के वातावरण को चीयरफुल बनाए। अश्विनी कुमार जी ने एक और बात कही। उन्होंने कहा कि इनके लिए साधारण अस्पतालों में अलग विभाग खोल कर रखा जाए। मैं उनसे कहना चाहूंगी कि वास्तविक हम लोग जो हैं हम लोग इसी कोशिश में रहते हैं कि बहुत अगर सीरियस पेशेन्ट हो तब तो उसको हम अलग होस्पीटल में रखते हैं। अगर मामूली सा 19–20 का फर्क है तो हम उसको वहां पर भेजने से थोड़ा सा दूर ही रहते हैं। आपको मालूम होगा रांची मानसिक आरोग्यशाला जो कि गवर्नमेंट आफ बिहार के अंडर में है और गवर्नमेंट आफ बिहार के साथ उनकी अपनी कुछ प्रशासनिक समस्यायें हैं क्योंकि उन्होंने मेंशन किया था कि वहां के अस्पतालों की तरफ कुछ ध्यान नहीं है और वहां की समस्या काफी जटिल होती जा रही है। वहां पर ध्यान नहीं दिया जाता है। इसके जवाब में मैं यह कहना चाहती थी कि बिहार सरकार के साथ कुछ एडमिनिस्ट्रेटिव प्राब्लमज़ हैं जिसकी वजह से वहां पर कुछ गड़बड़ियां जरूर होती हैं और रीसेंटली the Bihar Government has informed us that they are taking up a comprehensive plan to improve the situation of that particular hospital in Bihar.

[कुमारी सरोज खारपर्डे]

अश्विनी कुमार जी ने एक और बात कही थी और वह यह थी कि वहां पर भोजन की व्यवस्था ठीक नहीं है हालांकि सैन्ट्रल गवर्नमेंट से जितना प्रयास होता है इन अस्पतालों की तरफ ध्यान देने का वह तो प्रयास हम करते ही हैं और ध्यान भी देते हैं, लेकिन ये सारी चीजें राज्य सरकार के अंतर्गत आती हैं । मेरा मंत्रालय राज्य सरकार को लिखने की कोशिश करेगा और वहां की सुविधाओं की तरफ ध्यान देने और उन्हें उपलब्ध कराने की भी कोशिश करेगा । आपने यह भी कहा था प्रोटेक्शन के बारे में कि अगर पागल हो, मानसिक इंबैलेंस अगर हो तो उसको पुलिस अपनी कस्टडी में ले लेती है या जेल में रखती है । लेकिन बिल में हमने कहा है :

The Bill does not say that police will arrest mentally ill persons. The Bill says that they will be taken into protection. Thus the emphasis is not on arrest but on the protection. It is agreed that mild mental illness may be dealt with in psychiatric wards of General Hospital and only serious cases should be dealt with mental hospitals. जैसे मैंने पहले भी आपको कहा है, मुझे लगता है कि हमारे अश्विनी कुमार जी भले ही यहां अपने पेश किए हुए मुद्दों पर जवाब सुनने के लिए उपस्थित नहीं हों, लेकिन मुझे उम्मीद है, इन सवालों से या जवाबों से उनके प्रश्नों के जवाब संतोषजनक प्राप्त हुए हैं। ऐसी मैं उम्मीद करती हूं ।

सर, प्रशांत जी ने अभी थोड़ी देर पहले मेंटल स्वास्थ्य विधेयक के बारे में कहा । उसमें उन्होंने एमफेसाइज जो किया, वह था कि जो अस्पताल हैं, वे अस्पताल, विशेष रूप से जो रूरल एरिया में हैं, खैर— for that matter whether it is a rural area or urban area कहने का मतलब यही है कि यह वेल–इक्विप्ड नहीं हैं । आपने सही फरमाया है । मैं सरकार में रहने के बावजूद भी यह स्वीकार नहीं करती हूं या इस बात से मैं कन्वीन्स नहीं हूं कि सारे अस्पताल हमारे वेल–इक्विप्ड हैं, कमियां हैं जरूर । अब जहां इतना बड़ा देश है, इतनी बड़ी संख्या में लोग रहते हैं, वहां पर थोड़ी–बहुत त्रुटियां अवश्य रहती हैं । लेकिन आपने जिस तरीके से मेरा और मेरे मंत्रालय का ध्यान आकर्षित किया है, मेरे सीनियर कुलीग पी० वी० नरसिंह राव जी यहां बैठे हैं, उनके कुशल नेतृत्व में हम लोग इन अस्पतालों में सुधार लाने की पूरी कोशिश करेंगे ।

सर, प्रशांत जी के बाद डी० जी० पाटिल साहब ने बहुत कुछ फरमाया और अपने फरमाने में उन्होंने कहा कि यह जो मानसिक रोग का बेसिक कारण अगर कुछ है, अब वे भी यहां नहीं हैं, वे भी गायब हैं यहां से, उनका कहना था कि मानसिक रोग का कोई कारण यदि है तो वह है— पावरटी । वाकई उन्होंने सही फरमाया, मानसिक रोग से पीड़ित जो लोग हैं, उनके कई कारण हैं, जैसे अभी हमारे एक माननीय सदस्य ने भी फरमाया कि एक जमाने में, एक जमाने में क्यों, अभी–अभी रीसेंटली कुछ समय पहले तक हमारे यहां ज्वायंट फेमिली का चलन रहा है और धीरे–धीरे करते–करते अनेक कारणों की वजह से यह संयुक्त परिवार जो हमारे सदियों से चलते आ रहे थे, वे अलग–अलग होने लगे हैं । उसका भी एक कारण हो सकता है, गरीबी भी एक कारण हो सकता है, और भी कई कारण हैं, जिनका मैं उल्लेख करना मुनासिब नहीं समझती क्योंकि टाइम बहुत कम है । तो इन कारणों की गहराई में जाकर हमारी कोशिश जरूर रहेगी कि उनको भी हम अपने अस्पतालों द्वारा, अपने मंत्रालय के द्वारा न्याय देने की कोशिश करें।

श्रीमती कृष्णा कौल जी ने भी अपने विचारों को सदन के सामने रखा । मैं उनकी अत्यंत आभारी हूं, उन्होंने काफी कुछ सुझाया है । उनके उन सुझावों पर हमारा मंत्रालय जरूर विचार करेगा ।

सर, अभी आपके सामने हमारी बड़ी सुलझी हुई, मानी हुई साइंटिस्ट, माननीय समस्या श्रीमती असीमा चटर्जी जी ने अपने विचारों को रखा। उन्होंने बड़े महत्वपूर्ण विचार सदन के सामने रखे। एक तो, जैसा मैंने अभी जवाब दिया, एक माननीय सदस्य के के सवाल के जवाब में, उन्होंने कहा कि अस्पताल जो हमारे हैं, वे वेल-इक्विप्ड नहीं हैं, मैं इसका जवाब आलरेडी दे चुकी हूं, आपने शायद सुना होगा। दूसरा सुझाव, जो आपने दिया, जो बड़ा सुंदर है, उससे मैं और मेरे सीनियर कुलीग पी० वी० नरसिंह राव जी भी सहमत होंगे। आपने कहा surprise visit should be carried out आपने बिल्कुल ठीक कहा क्योंकि मैं भी कुछ साल पहले महाराष्ट्र राज्य की मेंटल कमेटी, मेंटल होस्पीटल की मेम्बर रही हूं। मुझे भी कुछ बिटर एक्सपिरियेन्स आए हैं, जिस तरीके से वहां दाखिल हुए मरीजों के साथ वहां के लोगों को व्यवहार करना चाहिए, चाहे वह डॉक्टर हों, चाहे वहां की परिचारिका हों, चाहे वहां का स्टाफ हो, उनका रवैया मरीजों के प्रति अजीब सा होता है। और मानसिक रोग से पीड़ित मरीज को जल्दी लाभ मिलने के बजाय टैंशन होता है और वह इरीटेट होता है। उसे हमें मानवता की दृष्टि से देखना चाहिए। मेरा मंत्रालय कोशिश करेगा कि सरप्राइज विजिट इन अस्पतालों में की जाये।

आपका दूसरा सुझाव भी महत्वपूर्ण है कि सुपरवाइजरी कमेटी बनाई जाए। जहां तक मेरा ख्याल है, स्टेट्स में हैं, लेकिन मंत्रालय की ओर से भी विजिटर्स कमेटी बनाई जाती हैं, जो माने हुए लोग होते हैं आपके जैसे उनको उनमें एपोइन्ट करते हैं। इनएफेक्टिव कमेटीज को एफेक्टिव करने की ओर मेरा मंत्रालय ध्यान देगा।

असीमा जी ने बहुत अच्छी बात कही है, स्वामीनाथन जी ने भी कही थी कि मेंटल पेशेंट्स की चिकित्सा केवल एलोपैथी के द्वारा ही न करके यूनानी, सिद्धा और आयुर्वेदिक पद्धति से भी की जानी चाहिए। हमारे मंत्रालय का प्रयास रहेगा कि हम इन चीजों का इस्तेमाल ज्यादा करें, लेकिन इसके माने यह नहीं कि हम एलोपैथी का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

आपने कहा कि फंड्स अधिक से अधिक प्रोवाइड करने चाहिएं। मेंटल अस्पतालों के लिए जितना देना होगा मेरे मंत्रालय की ओर से दिया जाएगा और हम प्रयास करेंगे कि राज्य सरकारों को लिखें कि उनके अन्तर्गत जो इस प्रकार के अस्पताल हैं उनको अधिक से अधिक अनुदान दें ताकि वहां का कार्य ठीक से चले।

अभी थोड़ी देर पहले सूरज प्रसाद जी ने कहा कि हरियाणा में कोई अस्पताल नहीं है, उन्होंने किसी दूसरे राज्य का भी नाम लिया, मैं ठीक से नहीं सुन पाई। अगर अस्पताल की कोई कमी होगी तो मेरा प्रयास होगा कि वहां के मुख्य मंत्री से बात करूं और वहां इस प्रकार के अस्पताल को उपलब्ध कराने की मैं कोशिश करूंगी। हमारी कोशिश यह भी रहेगी कि उन अस्पतालों को फंड्स अधिक से अधिक उपलब्ध कराए जाएं।

सूरज प्रसाद जी ने कहा कि रांची अस्पताल में गड़बड़ियों की कई शिकायतें हैं। रांची अस्पताल से स्वास्थ्य मंत्रालय के नाते तो स्वास्थ्य मंत्रालय का सम्बन्ध है, लेकिन जहां तक शिकायतों का मामला है वह राज्य सरकार का काम है। वह चाहें तो अस्पताल के बारे में सारी जानकारी लिखित रूप से दे दें तो मैं वहां के मुख्य मंत्री को लिख सकती हूं और कोशिश कर सकती हूं कि वहां जितनी गड़बड़ियां हैं उनको दूर किया जाये।

उन्होंने यह भी कहा कि पागल लोगों को जेल में बन्द किया जाता है, उनको अस्पताल में रखा जाए। ऐसा बहुत कम देखा जाता है कि पागल लोगों को पकड़ कर जेल में बन्द किया गया। कोशिश हमारी यही रहती है कि जो विक्षिप्त लोग हैं और मानसिक रोग के कारण ऊधम मचाते हैं तो उनको ले जाकर

[कुमारी सरोज खापर्डे]

अस्पताल में दाखिल कराएं और इलाज कराएं । सूरज प्रसाद जी ने अपने विचारों को रखते हुए यह भी कहा कि देश में मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है । उस के अनेक कारण हैं । उस के एक नहीं, अनेक कारण हैं, भिन्न भिन्न कारण हैं और आप ने सही फरमाया कि कई लोगों के दिमाग पर इसलिये भी असर हुआ है कि एक जमाने में ज्वायेंट फैमलीज थीं । अब नहीं हैं और इन सब की गहराई में हम लोग जायें तो काफी कारण हम को इन रोगों के मिल सकते हैं । लेकिन हम कोशिश करेंगे कि संयुक्त परिवारों से टूटे हुए जो वृद्ध लोग हैं उन को एक जगह रखने का इंतजाम किया जाय जैसे होम फार एजेड फारेन कंट्रीज में हैं उसी तरह से माननीय मंत्री जी से बात कर के वैसी ही कोई व्यवस्था हम यहां भी करने की कोशिश करेंगे ।

इन शब्दों के साथ अंत में मैं अपने विकल जी के संबंध में कहना चाहती हूं कि उन्होंने अपने ओजस्वी और प्रभावशाली भाषा में अपने जिन सुझावों को सदन के सामने रखा है, इस विधेयक पर चर्चा करते हुए और चर्चा के बाद जवाब देते हुए मैं बिलकुल एफोर्ड नहीं कर सकती विकल जी को इग्नोर करना । माननीय विकल जी को देखने के बाद हमारे जैसे लोगों को एक प्रेरणा मिलती है, एक स्फूर्ति मिलती है कि विकल जी अगर इस उम्र में इतने एक्टिव हैं तो अपने जमाने में कितने ऐक्टिव रहे होंगे । इस का कारण आज हम को मालूम हुआ कि जो बातें और जो विचार उन्होंने आज सदन में हमारे सामने रखे उन को उन्होंने अपने जीवन में ढाला है, उतारा है और इसी के कारण वे आज इतने ऐक्टिव हैं। उन के सुझावों पर हम और हमारा मंत्रालय अमल करेगा और हम कोशिश करेंगे कि लोगों तक वे पहुंचाये जायें ।

इन शब्दों के साथ इस विधेयक को सदन के सामने रखने के बाद जिन माननीय सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया है मैं उन की अत्यन्त आभारी हूं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI G. SWAMINATHAN): The question is:

"That the Bill to consolidate and amend the law relating to the treatment and care of mentally ill persons, to make better provision with respect to their property and affairs and for matters connected therewith or incidental thereto, as reported by the Joint Committee of the Houses, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI G. SWAMINATHAN): We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clause 2 to 98 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

KUMARI SAROJ KHAPARDE: Sir, I move:

"That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

THE APPROPRIATION (NO. 5) BILL, 1986

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EXPENDITURE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI B. K. GADHVI): Sir, I beg to move:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1986-87, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

Sir, the Bill arises out of the supplementary appropriation charged on the Consolidated Fund of India and demands voted by the Lok Sabha